मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 146 ■ सोमवार, 26 अगस्त 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**शेर सिंह की बायोपिक से जुड़े रणदीप हुड्डा**

# जिले में बढ़ी छेड़छाड़ की घटनाएं

## अपहरण की घटनाओं पर लगाम नहीं

## अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने में ठाणे पुलिस सफल

### ■ नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले बढ़े



**ठाणे.** बदलापुर में हुआ रेल रोको आंदोलन असामाजिक तत्वों और प्रशासनिक कार्रवाई में लापरवाही और देरी का परिणाम था। महिला सुरक्षा अधिनियम और इसके कार्यान्वयन के बीच विसंगति के प्रतिशोधात्मक आक्रोश को लेकर जनता की ओर से विभिन्न प्रतिक्रियाएँ सामने आईं। ठाणे पुलिस ने शातिर अपराधियों की धरपकड़ कर ठाणे इलाके को साफ कर दिया. दूसरी ओर पुलिस की जांच उत्कृष्ट है। लेकिन दुराचार पर अंकुश लगाने में ठाणे पुलिस की नाकामी की तस्वीर देख सकते हैं. मुंबई, बदलापुर, ठाणे के हजूरी में बलात्कार जैसी निंदनीय घटनाएँ ठाणे में भी हुईं। पिछले चार महीनों के दौरान ठाणे में रेप और अपहरण की घटनाओं में बढ़ोतरी की तस्वीर है.

ठाणे पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हत्या, हत्या का प्रयास, यातना, अपहरण और छेड़छाड़ जैसे अपराध बढ़ रहे हैं। इसमें ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार, ठाणे पुलिस बल ने अच्छा काम किया है और गंभीर अपराध करने वाले शातिर अपराधियों पर नियंत्रण कर लिया है। हालाँकि, देखा जा रहा है कि इन आम लोगों से जुड़े असामाजिक व्यवहार जैसे छेड़छाड़ और प्रताड़ना के मामलों में पुलिस कहीं न कहीं विफल रही है. हालांकि अप्रैल से जुलाई तक 4 महीने की अवधि के दौरान ठाणे आयुक्तालय की सीमा के भीतर गंभीर और विविध अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन पुलिस अपराधों की रिपोर्ट करने में सफल रही है।

**अप्रैल से जुलाई 2024 तक दर्ज गुनाह और जांच में सफलता**

| | अप्रैल | | मई | | जून | | जुलाई | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मामला | दर्ज | उजागर | दर्ज | उजागर | दर्ज | उजागर | दर्ज | उजागर |
| हत्या | 8 | 8 | 7 | 7 | 7 | 5 | 12 | 12 |
| अत्याचार | 36 | 36 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 23 |
| सेंधमारी | 49 | 13 | 60 | 14 | 63 | 10 | 85 | 23 |
| चोरी | 204 | 54 | 213 | 44 | 195 | 51 | 217 | 57 |
| अपहरण | 97 | 60 | 107 | 64 | 94 | 60 | 102 | 57 |
| विनयभंग | 45 | 42 | 58 | 56 | 51 | 49 | 37 | 31 |

स्कूली छात्राओं और नाबालिग लड़कियों के अपहरण की घटनाएं भी बढ़ी हैं. आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच महीनों में ठाणे में अपने घरों से भागने वाली या बहला-फुसलाकर अपहरण की शिकार लड़कियों की संख्या भी बहुत अधिक है। अप्रैल महीने में 97 लड़कियाँ, मई महीने में 107 लड़कियाँ, जून महीने में 94 लड़कियाँ और जुलाई महीने में 102 लड़कियाँ बिना कुछ बताए घर छोड़कर चली गईं या उन्हें बहला-फुसलाकर ले जाया गया। अपहरण कर लिया। इसके लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में उनका रिकॉर्ड दर्ज किया गया है और कई लड़कियों का सफलतापूर्वक पता लगाया गया है।

ठाणे पुलिस बल के आयुक्त का पद संभालने के बाद आशुतोष डुम्बारे ने अपने सभी ठाणे पुलिस बल अधिकारियों के माध्यम से ठाणे शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जन जागरूकता और मादक पदार्थों के तस्करों की कमर तोड़ने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। ड्रग जंक्शन बन चुका ठाणे शहर में तस्करों पर लगाम कसने में पुलिस कामयाब रही. वहीं, ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्र में अपराधियों और अपराधियों पर भी निशाना साधा गया. दूसरी ओर, असामाजिक प्रवृत्तियों से निपटने के लिए ठाणे पुलिस को कड़ी मेहनत करनी होगी।

# बदलापुर लैंगिक अत्याचार में सनसनीखेज खुलासा

### ■ स्कूल व्यवस्थापन के खिलाफ पोक्सो अंतर्गत अपराध दर्ज

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** बदलापुर के आदर्श स्कूल में दो मासूम छात्राओं के साथ सफाई कर्मचारी अक्षय शिंदे द्वारा लैंगिक अत्याचार की जांच में एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है. पीड़ित लड़की को गंभीर जख्म आए हैं. उस पर 15 दिनों में अनेक बार अत्याचार किया गया है. ऐसी रिपोर्ट दो सदस्यीय समिति ने दर्ज किया है. चांज समिति ने अभी तक 27 लोगों के जवाब दर्ज किया हैं, जिसमें 10 शिक्षक, 5 सफाई मजदूर और दो लिपिक का समावेश हे. ये प्रकार लिपिक ने स्कूल के मुख्याध्यापक के कान पर डाला था. उसके बाद भी मुख्याध्यापक और स्कूल के ट्रस्टी ने गंभीरता स नहीं लिया. इसमें लापरवाही की गई है. ऐसा जांच समिति ने दर्ज किया है. पीड़ित मासूमों को इस धक्के से संवारने के लिए बाल हक्क सुरक्षा आयोग ने दो मनोविकार तज्ञ की नियुक्ति की है.

इस दरम्यान आदर्श स्कूल जो 4 दिनों से बंद था. शुक्रवार को शिक्षक व अन्य कर्मचारियों की बैठक हुई. इस बैठक में ये निर्णय लिया गया है कि शनिवार को पहले सत्र में पांचवीं से बारहवीं तक वर्ग शुरू किये जाने का निर्णय लिया या है. स्कूल शनिवार से शुरू हो गया है. मासूमों पर हुए लैंगिक अत्याचार को स्कूल प्रशासन ने दबाने का प्रयास किया है. पुलिस ने 11 घंटे बाद शिकायत ली. इसके विरोध में जनप्रक्षोभ होने के बाद सरकार जागी और जांच के लिए सरकार ने दो सदस्यों की जांच समिति नियुक्ति की है. अभी बदलापुर में अमन व शांति है. लेकिन लोगों के दिलों में रोष बहुत ज्यादा है. स्कूल व्यवस्थापन के खिलाफ पोक्सो के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है.

# बदलापुर के आदर्श स्कूल का निदेशक मंडल बर्खास्त

### ■ स्कूल में प्रशासक नियुक्त

**बदलापुर.** बदलापुर के जिस स्कूल में बच्चियों के साथ प्रताड़ना की घटना हुई थी, उस स्कूल के निदेशक मंडल को सरकार ने बर्खास्त कर दिया है और स्कूल में प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है. उप शिक्षा अधिकारी कुंडा पंडित को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

अत्याचार मामले के बाद स्कूल प्रशासन द्वारा बरती गई ढिलाई को देखते हुए सरकार ने तत्काल निदेशक मंडल को बर्खास्त कर दिया.

स्कूल को चलाने के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया गया है और उसकी मदद के लिए अंबरनाथ के समूह शिक्षा अधिकारी राजकुमार जाटकर और नाइक विद्यालय के प्रिंसिपल विश्वनाथ पाटिल को सलाहकार नियुक्त किया गया है। सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासकों ने कार्यभार संभाला है. पुलिस जांच में पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 1400 रुपए की स्मार्ट स्टिक 12 हजार में खरीदी

### ■ मनपा का नया कारनामा उजागर

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के विकलांग विभाग ने बाजार में 1400 रुपये में मिलने वाली स्मार्ट स्टिक करीब 12 हजार 100 रुपये में और 400 रुपये में मिलने वाली साधारण स्टिक करीब 8 हजार 200 रुपये में खरीदी है.

अप्रैल 2023 में मनपा विकलांग विभाग ने वर्ष 2022-23 में नेत्रहीन विकलांग भाइयों के लिए स्मार्ट स्टिक एवं सरल छड़ी वितरण का आदेश जारी किया। कुल 54 स्मार्ट स्टिक और 84 कंपेनियन केन खरीदी की प्रक्रिया शुरू की.




**400 रुपये की साधारण छड़ी 8,200 रुपये में खरीदी**

एक स्मार्ट स्टिक की कीमत 12,000 रुपये और एक साधारण स्टिक की कीमत 8,200 रुपये दर निश्चित की गई. निशक्तता विभाग के प्रमुख राजेश घनघव ने बताया कि 54 में से 36 स्मार्ट स्टिक वितरित की जा चुकी हैं। अन्य छड़ी का वितरण कराया जाएगा।

राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के छात्र संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गायकवाड ने बताया कि मनपा निःशक्तता विभाग द्वारा की गई खरीदारी काफी महंगी है. उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत दिव्यांगता विभाग से जानकारी प्राप्त की। फिर जब स्मार्ट स्टिक की कीमत की ऑनलाइन गणना की गई तो पता चला कि यह 1400 से 1500 रुपये के बीच थी और साधारण स्टिक की कीमत 400 से 500 रुपये के बीच थी।

> मनपा विकलांगता विभाग ने दृष्टिहीन भाइयों के लिए स्मार्ट छड़ी और साधारण छड़ी खरीदी। इसकी शिकायतें मिली हैं। इसकी गहनता से जांच की जाएगी.
>
> **-जमीर लेंगरेकर,** अतिरिक्त आयुक्त, मनपा

> दिव्यांगता विभाग द्वारा दृष्टिबाधित भाइयों के लिए खरीदी गई स्मार्ट स्टिक एवं साधारण छड़ी नियमानुसार सभी प्रक्रियाओं के बाद खरीदी गई। इसमें कोई अनियमितता नहीं है.
>
> **- डॉ. सुभाष जाधव,** उपायुक्त, उल्हासनगर मनपा

# भातसा डैम के 5 दरवाजे खोले गए

**कल्याण.** बारिश की वजह से मुंबई एवं ठाणे में जलापूर्ति करने वाले जलाशयों के जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है. तानसा, मोडक सागर पहले ही लबालब हो चुके हैं. भातसा डैम 95.31 प्रतिशत भर गया है. लगातार हो रही बारिश की वजह से भातसा डैम के 5 दरवाजे .75 मीटर खोल दिए गए हैं. डैम से 12734.94 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. जिसकी वजह से भातसा नदी के किनारे के क्षेत्र में बाढ़ का खतरा है. जिला प्रशासन की तरफ से नदी के आस-पास के गांवों को एहतियात बरतने की चेतावनी दी गयी है. पिछले दिनों पांच लोग गाड़ी सहित नदी में बह गए थे.

# बच्ची का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

### ■ मानपाड़ा थाना क्षेत्र की घटना

उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** महाराष्ट्र में नाबालिग बच्चियों के यौन उत्पीड़न की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में हुई बदलापुर की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। वहीं एक ताजा मामला कल्याण से सामने आया है, जिसमें 32 वर्षीय व्यक्ति ने घर में अकेला पाकर एक 10 वर्षीय नाबालिग का यौन शोषण किया। इस घटना में डोंबिवली की मानपाड़ा पुलिस ने आडिवली-ढोकली के रहने वाले आरोपी धर्मेंद्र यादव पर छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हथकड़ी लगा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित बच्ची अपने दोस्तों के साथ परिसर में खेल रही थी। आरोपी धर्मेंद्र यादव का बच्चा भी उसके साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते पीड़िता आरोपी के घर में आई गई। पुलिस के मुताबिक हवस के पुजारी आरोपी ने पीड़िता की मासूमियत का फायदा उठाकर उसके साथ शारीरिक अत्याचार किया। इस घटना को लेकर पीड़िता की मां ने मानपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 एवं पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# उल्हासनगर के सभी स्कूलों में रहेगी सीसीटीवी की निगरानी

### ■ विद्यार्थी सुरक्षा समिति की भी स्थापना

उल्हासनगर. बदलापुर के आदर्श विद्यालय में नाबालिग बच्चियों से दरिंदगी की घिनौनी घटना घटी है. ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक संस्था 'एक हाथ मदतीचा' के विजय कदम ने मनपा प्रशासन अधिकारी को ज्ञापन दिया था कि उल्हासनगर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को सतर्कता बरतनी चाहिए और शौचालयों के पास महिला सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करनी चाहिए. इस निवेदन के बाद महानगर पालिका ने 195 स्कूलों के प्रिंसिपलों को छात्र सुरक्षा समिति बनाने का आदेश दिया है. साथ ही 195 स्कूलों में से 175 स्कूलों में सीसीटीवी की निगरानी है. बाकी स्कूलों को सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया है.




सामाजिक संस्था 'एक हात मदतीचा' के अध्यक्ष विजय कदम ने प्रशासनिक अधिकारी दीपक धनगर को एक निवेदन के माध्यम से मनपा व निजी स्कूलों में सीसीटीवी व अन्य समस्याओं के संदर्भ में एक निवेदन दिया था. इस निवेदन पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग ने मनपा के 195 प्राचार्यों की आपात बैठक बुलाई थी. प्रशासनिक अधिकारी दीपक धनगर, अधिकारी विलास गायकर, सतीश राठौड़ की मौजूदगी में सभी प्राचार्यों को छात्र सुरक्षा समिति बनाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही 195 स्कूलों में से 175 स्कूलों में सीसीटीवी की निगरानी है. अन्य स्कूलों को भी सीसीटीवी लगाने को कहा गया है. इसके अलावा लड़कियों के शौचालय के पास महिला सफाईकर्मी रखने का निर्देश दिया गया है.

# SIT को मोबाइल फोन से मिले अहम सबूत

### ■ बदलापुर केस में आरोपी अक्षय शिंदे के घर SIT ने की जांच

**बदलापुर.** बदलापुर शहर के एक मशहूर स्कूल में चार साल की दो बच्चियों के साथ यौन शोषण की चौंकाने वाली घटना घटी है. इस घटना के बाद पीड़ित लड़कियों के माता-पिता सहित नागरिकों में गुस्से की लहर फैल गई है और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं. इसको लेकर आक्रोशित नागरिकों ने बदलापुर स्टेशन पर रेलवे ट्रेनों को रोककर विरोध प्रदर्शन किया. नागरिकों के आक्रोश के बाद गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने एसआईटी के गठन का आदेश दिया। एसआईटी ने अब जांच शुरू कर दी है और आरोपी के घर का निरीक्षण किया. इस दौरान जानकारी सामने आई कि मोबाइल फोन के साथ कुछ सबूत भी मिले हैं.




एसआईटी आरोपी अक्षय शिंदे के घर पहुंची. आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ था. एसआईटी ने ताला तोड़कर अंदर सबूत तलाशे। अक्षय का मोबाइल भी ट्रेस कर लिया गया है और उससे कई खुलासे होने की संभावना है. इस जांच के दौरान कई अहम सबूत हाथ लगने की संभावना है.

मिली जानकारी के मुताबिक एसआईटी की टीम करीब 45 मिनट तक आरोपी अक्षय शिंदे के घर पर रुकी, जिसके बाद वे वापस लौट गये. जांच के दौरान कुछ अहम दस्तावेज और अक्षय का मोबाइल मिला। इस वक्त आरोपी भी उनके साथ था, उसे 26 अगस्त तक पुलिस हिरासत में रखा गया है. कहा जाता है कि उसने दो बार शादी की थी। उनकी पहली पत्नी ने उसे छोड़ दिया था.

उसकी पहली पत्नी के चले जाने के चार महीने बाद ही उसने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिनों बाद उनकी दूसरी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई। पुलिस ने आरोपी अक्षय शिंदे को POCSO एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया.

# 'लाड़की बहिन योजना' लागू करने में सरकारी तंत्र विफल

## लाडली बहनों की मुख्यमंत्री से अपील



**उल्हासनगर.** प्यारी बहनों के जीवन में सुख और आनंद के पल आएं इस भावना के साथ महाराष्ट्र राज्य में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' उल्हासनगर शहर में पूरी तरह से सफल होते दिखाई नहीं दे रही है. अधिकांश बहनों को इसका लाभ नहीं मिला है शहर में इसको लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है.

उल्हासनगर में इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने में सरकारी तंत्र विफल हो रहा है। एकनाथ शिंदे ने पहले ही अधिकारियों को सख्त आदेश दे दिया है कि घर-घर जाकर प्यारी बहन का फॉर्म भरें और रिपोर्ट अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजें. ये सभी जिम्मेदारियां आंगणवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायकों, मनपा आयुक्त के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्तों उपायुक्तों, सहायक आयुक्तों, तहसीलदार के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार, उनसे संबंधित अधिकारियों, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारियों के मार्गदर्शन में है। मुख्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायक और महानगर पालिका के शिक्षा विभाग के आंतरिक शिक्षा अधिकारियों और निजी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम सेवक, तलाठी, मंडल अधिकारी आदि पर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. इस अभियान को अंजाम देने के लिए सभाएँ, मार्गदर्शन शिविर, बैठकें, घर-घर बैठकें और सर्वेक्षण आयोजित किए गए। लेकिन अब जब यह सब ठंडा हो गया है.

### यहां से वहां भटक रही 'लाडली बहन'

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की लाडली बहन अपने लाडले भाई से 1500 रुपये लेने के लिए भटकती नजर आ रही हैं. किसके पास जाएं, फॉर्म कैसे भरें, बैंक में आधार कार्ड कैसे लिंक करें, ओटीपी क्या है, कैसे आता है, ओटीपी के लिए किसे दें, अधिकांश प्यारी बहनों के पास बैंक खाता नहीं है। पासबुक तो है लेकिन ओटीपी के लिए मोबाइल नहीं। कोई मार्गदर्शन करने को तैयार नहीं है. ऐसी ही भयावह स्थिति उल्हासनगर शहर में देखने को मिल रही है। अधिकांश बहनें जहां रहती हैं, वहां के बैंकों में पूछताछ करने के लिए सुबह से ही बैंक के सामने बैठी नजर आती हैं। ऐसे में दोनों के बीच की खींचतान पुलिस के लिए वाकई सिरदर्द बनती दिख रही है. एक तरफ चुनावी बिगुल और दूसरी तरफ उल्हासनगर कैंप नंबर 1 से 5 तक की सैकड़ों गरीब बहनें आज भी उल्हासनगर शहर में यह सोचते हुए देखी जा सकती हैं कि उनके प्यारे भाई के 1500 रुपये उनके बैंक खाते में कब आएंगे। परेशान महिलाओं ने मांग की है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजितदादा पवार, देवेन्द्र फड़नवीस, बाल विकास मंत्री, कलेक्टर और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उल्हासनगर शहर की बहनों पर ध्यान दें.

# विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने का दौर शुरू

### ■ महायुति व महाविकास आघाड़ी में घमासान
### ■ अधिक से अधिक सीटें जीतने की रणनीति

उल्हास विकास संवाददाता




**कल्याण.** लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने वाली शिवसेना शिंदे गुट, राष्ट्रवादी अजित पवार गुट और बीजेपी महायुति की विधानसभा चुनाव भी मिलकर लड़ने की संभावना है. गुटबाजी रोकने के लिए महायुति पूरा ख्याल रख रही है, लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की रणनीति बीजेपी की ओर से शुरू हो रही है.

पिछले चुनाव में बीजेपी विधायकों की अधिकतम संख्या 7 थी. सेना के पास 6, एनसीपी के पास 2, समाजवादी के पास 1, एमएनएस के पास 1 और निर्दलीय के पास 1 सीट थी। लेकिन बीजेपी इस बार के चुनाव में भी बड़ा धमाल मचाने की तैयारी में जुट गई है और यही रणनीति शिव सेना शिंदे गुट और शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट ने भी बनाई है.

शिंदे का नेतृत्व हर स्तर पर बीजेपी को रोकते हुए शिव सेना का भगवा लहराने में सफल रहा. लेकिन दो साल पहले, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों का एक बड़ा समूह शिवसेना से अलग हो गया और राज्य में सत्ता बनाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। राज्य में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है और चूंकि उनकी पार्टी शिवसेना की ताकत ठाणे जिले में बड़ी है, इसलिए ठाणे जिले में ज्यादा से ज्यादा विधायक चुनने की रणनीति शिवसेना शिंदे गुट की ओर से बनाई जा रही है.

#### सफलता के लिए संघर्ष



दो साल पहले डोंबिवली के भाजपा विधायक रवींद्र चव्हाण को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने मंत्रिमंडल में नियुक्त किया था। दो बार विधायक रह चुके चव्हाण हर मायने में प्रभावशाली हैं. लेकिन वे बीजेपी को सफलता नहीं दिला पाए हैं. हालांकि बीजेपी का प्रभाव बहुत ज्यादा है, लेकिन इस बात की संभावना कम है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी पिछले चुनाव में मिली अधिकतम 8 सीटें बरकरार रख पाएगी. चूंकि शिव सेना शिंदे समूह, शिव सेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी शरद पवार, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और मनसे को भी कुछ सफलता मिलने की संभावना है, तो जाहिर है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी लड़ाई होगी।

### चुनाव क्षेत्र बदलने की रणनीति



गणेश नाइक ऐरोली के विधायक हैं लेकिन वह निर्वाचन क्षेत्र शिवसेना शिंदे गुट की चाहत है. बेलापुर बीजेपी के पास है और वहां से मंदा म्हात्रे चुनी गई हैं, ऐसे में गणेश नाइक आगामी चुनाव में क्या भूमिका निभाएंगे, इस पर सबकी नजर है. राजनीतिक हलके में इस बात की जोरदार चर्चा शुरू हो गई है कि नाईक बेलापुर से, संदीप नाईक ऐरोली से और पूर्व सांसद संजीव नाईक ओवला मजीवाड़ा सीट से उद्धव ठाकरे की कमान थामेंगे. कपिल पाटिल ने मुरबाड से एमएलए चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है, ऐसे में किसन कथोरे भविष्य में क्या भूमिका निभाएंगे, इस पर सभी का ध्यान है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## दागी नुमाइंदे

महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध का कोई मामला जब तूल पकड़ते हैं, तब उसे लेकर सवाल उठाने वालों, विरोध प्रदर्शनों का आह्वान करने और उसमें हिस्सा लेने वालों में बहुत सारे नेता और खासतौर पर जनप्रतिनिधि भी मुखर रूप से शामिल होते हैं। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो जनप्रतिनिधि इस सवाल पर आक्रोशित जनता के साथ खड़े दिखते हैं, वे खुद अपने सहयोगियों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध के आरोपों को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं होते। यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर चुनाव में ऐसे लोग भी बतौर उम्मीदवार किसी सीट पर अपना दावा पेश करते हैं और उनमें से कई जीत कर जनप्रतिनिधि भी बन जाते हैं, जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप होते हैं।

अगर किसी जनप्रतिनिधि पर महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध करने या उसमें शामिल होने का आरोप है, तो उससे महिलाओं के हक में ईमानदार लड़ाई की कितनी उम्मीद की जा सकती है! जनता के नुमाइंदे कहे जाने वाले जो लोग खुद गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोपी होते हैं, वे कानून बनाने या बचाने के दायित्व के प्रति कितने गंभीर हो सकते हैं?

यह बेवजह नहीं है कि चुनावी नैतिकता और शुचिता की मांग के बावजूद आज भी अच्छी-खासी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप हैं। ये मामले जगजाहिर रहे हैं, मगर इसे एक बार फिर एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिसर्च ने जारी किया है, जिसमें पिछले पांच वर्ष में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों का सामना कर रहे एक सौ इक्यावन सांसदों-विधायकों को चिह्नित किया गया। इनमें सोलह पर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का आरोप है।

सभी आरोपों को सिर्फ राजनीतिक बदला या साजिश बता कर खारिज नहीं किया जा सकता। विडंबना यह है कि ऐसे मामलों में जांच, सुनवाई और फैसला लंबे समय तक टलता रहता है। चुनाव आयोग भी ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने और जीत कर जनप्रतिनिधि के रूप में काम करने को लेकर कोई स्पष्ट रुख तय नहीं कर पाता! ऐसे दागी नुमाइंदों को लेकर नरम रवैया क्या एक बड़ी वजह नहीं है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के खिलाफ कोई ठोस और नतीजा देने वाली व्यवस्था खड़ी नहीं हो पा रही?

# शिक्षा जगत की खामियों से मुक्ति पाने का हो यह साल

पिछले दिनों पेरिस ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा, तो यहां भारत में हमने अंग्रेजों से मिली आजादी के सफल 77 वर्षों का जश्न मनाया। यह इस बात पर चिंतन करने का उचित मौका है कि हमारे राष्ट्र ने अपने नौजवानों की जरूरतों को कैसे पूरा किया है? क्या हमने एक समाज के रूप में ऐसा माहौल बनाया है, जिसमें सफलता को बढ़ावा दिया जाता है? क्या आर्थिक मुश्किलों की चिंता किए बगैर सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही है? हाल के पेपर लीक विवाद ने हमारी शिक्षा प्रणाली की गंभीर खामियों को बेपरदा किया है। अगर इसमें छात्रों की खुदकुशी के बढ़ते मामलों का मसला भी जोड़ दें, तो ये मुद्दे एक ऐसे तंत्र की ओर इशारा करते हैं, जो छात्रों की जरूरतों को पूरा करने में विफल दिख रहा है।

इन खामियों को दूर करने के लिए हमें सबसे पहले ज्यादातर भारतीय छात्रों के सच को समझना होगा। उनके लिए अच्छी शिक्षा का मतलब है, 'आर्थिक बलिदान', मतलब माता-पिता की सर्जरी को टालते जाना या कर्ज लेना, जो परिवार को बर्बादी के कगार पर पहुंचा देता है। मैं अपने निजी अनुभव से उनके संघर्ष को समझ सकता हूं। मेरा जन्म 90 के दशक में उत्तर प्रदेश में हुआ था और मेरे परिवार को गंभीर मुश्किलों से लड़ना पड़ा। यहां तक कि जीवित रहने के लिए हमने अपना घर तक बेचा। इन संघर्षों ने मुझे उद्यमिता की ओर प्रेरित किया और साल 2016 में मैंने 'फिजिक्स वाला' की नींव रखी। मैं अपनी इस सफलता को एक अपवाद मानता हूं। वास्तव में, ऐसे किसी मंच की जरूरत यदि है, तो इसका साफ



अर्थ है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा नहीं मिल पा रही है। जाहिर है, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों का आकलन करना होगा।

इतिहास में झांकें, तो भारत अंकगणित से लेकर खगोल विज्ञान तक विद्वानों की भूमि रहा है। ज्ञान की खोज में भारत आने वाले विदेशी विद्वानों की कहानियां हम जानते ही हैं। भारत विश्वगुरु का वह रुतबा फिर से हासिल कर सकता है। इस लक्ष्य तक पहुंचने की सिफारिश कोठारी आयोग, 1966 ने अपनी रिपोर्ट में एक समान स्कूली प्रणाली (सीएसएस) के माध्यम से की थी। इसके तहत सभी सरकारी, अनुदानित और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को समान मानकों के तहत एकीकृत करने की बात कही गई थी, ताकि सबको समान शिक्षा मिल सके।

पिछले तीन दशकों में शिक्षण संस्थानों की संख्या में चार गुना वृद्धि तो हुई, पर उच्च नामांकन दर एक क्षणभंगुर सफलता ही है, क्योंकि सिर्फ 15 फीसदी छात्र हाईस्कूल जा पाते हैं और सात फीसदी स्नातक कर पाते हैं। देश की 20 फीसदी आबादी निरक्षर है, जो शिक्षा तंत्र की विफलता का साफ संकेत है। आज भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा शिक्षा तंत्र है। हमसे आगे सिर्फ चीन और अमेरिका हैं। फिर भी, ज्यादातर उच्च शिक्षण संस्थाएं आम जनता की जरूरतें पूरी नहीं करतीं। ऐसे में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से उम्मीदें स्वाभाविक हैं, जो आलोचनात्मक नजरिया, रचनात्मकता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और बहु-विषयक शिक्षा पर जोर देते हुए सुधार का मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि, इस राह में शिक्षकों की कमी एक बड़ी रुकावट बन सकती है। साल 2023 में देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 30 फीसदी से भी ज्यादा पद खाली पड़े थे। अच्छे शिक्षक बेहतर मौके की तलाश में विदेशी विश्वविद्यालयों का रुख करने लगे हैं।

शिक्षा प्रणाली में सुधार से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत में 68 फीसदी जनसंख्या आज 15 से 64 आयु-वर्ग की है। हमारी औसत उम्र 28.4 फीसदी है, जो चीन या अमेरिका से कम है। फिर भी यदि उद्योगों में कुशल कामगारों की कमी महसूस की जा रही है, तो मतलब यही है कि शिक्षा और प्रशिक्षण में हम कहीं न कहीं चूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के प्रयासों के बावजूद हम इस अंतर को पाट नहीं पा रहे हैं। साफ है, सार्थक बदलाव के लिए हमें शिक्षकों, छात्रों व शिक्षाविदों के नेतृत्व में एक मजबूत संस्था बनानी चाहिए, जिसके पास सुधार लागू करने के लिए पर्याप्त पूंजी और स्वायत्तता हो। बेशक चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हम अपने कौशल व संसाधनों का लाभ उठाकर वह भारत बना सकते हैं, जिसकी हम कल्पना करते हैं।





जब कोई क्रोधित व्यक्ति देखता है कि हम शांत हैं, तो वो अपने क्रोध के साथ अकेला रह जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# डॉक्टरों की हड़ताल से पैदा हुई समस्या

कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने सभी संवेदनशील लोगों के भीतर दुख और आक्रोश भर दिया है। यह बेवजह नहीं है कि बड़ी तादाद में लोगों ने इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने से लेकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर काबू पाने के लिए एक कारगर व्यवस्था बनाने के लिए आवाज उठाई है। इसी के तहत कई राज्यों में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी, जिससे वहां कामकाज बाधित हुआ। चिकित्सकों के दुख और गुस्से से किसी को भी असहमति नहीं हो सकती और इस मुद्दे पर उनकी मांग वाजिब है।

विडंबना यह है कि हड़ताल से उन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो मजबूरी में इलाज कराने वहां पहुंचते हैं। कोलकाता की घटना पर दुख के समांतर पिछले कुछ दिनों से यह सवाल भी चिंता की वजह बन रहा था कि चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से जो समस्या खड़ी हो रही है, उसका समाधान क्या हो।

शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सुनवाई के दौरान चिकित्सकों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की और कहा कि चिकित्सकों के काम से दूर रहने से समाज के उन वर्गों पर असर पड़ता है, जिन्हें चिकित्सीय देखभाल की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। हड़ताल की वजह से खासतौर पर गरीब तबकों से आने वाले मरीजों को हो रही दिक्कतों का



अंदाजा भर लगाया जा सकता है।

ऐसे तमाम लोग होते हैं, जो किसी बीमारी के इलाज के क्रम में अस्पतालों में दो-दो वर्ष पहले समय लेते हैं और बहुत मुश्किल से उन्हें किसी चिकित्सक से इलाज या आपरेशन कराने का मौका मिल पाता है। ऐसे में अगर सिर्फ हड़ताल की वजह से उन्हें यह कहा जाए कि आपका इलाज नहीं हो सकता, तो इसे कैसे देखा जाएगा। दूसरी ओर, सरकारी अस्पतालों में हड़ताल की वजह से अगर कोई मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों में इलाज के लिए पहुंचता है तो वहां उसे आर्थिक खर्च की किस कसौटी को पूरा करना पड़ता है, यह छिपा नहीं है।

निश्चित रूप से एक बेहद तकलीफदेह घटना पर चिकित्सकों का आंदोलित होना और प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। इस आंदोलन को समाज के सभी संवेदनशील लोगों का समर्थन मिला है। मगर इसकी वजह से सरकारी अस्पतालों के कामकाज में जिस स्तर की मुश्किल पेश आई है, वह भी चिंताजनक है। यों सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद दिल्ली में एम्स और राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर जाने की घोषणा कर दी, मगर कुछ राज्यों में अभी भी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हैं।

गौरतलब है कि चिकित्सकों की शिकायतों को सुनने के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। वहीं सीबीआइ ने अपनी स्थिति रपट में जिस तरह की लापरवाहियों और सबूतों से छेड़छाड़ की ओर संकेत किया है, वह बंगाल पुलिस और राज्य सरकार के रुख को कठघरे में खड़ा करता है। ऐसी स्थिति में इस मसले पर चिकित्सकों सहित सभी लोगों की चिंता समझी जा सकती है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी आंदोलन से व्यापक स्तर पर वैसे लोगों के जीवन के सामने संकट न पैदा हो, जो पहले ही बीमारी से घिरे कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं!

# सिलाई-कढ़ाई में एक्सपर्ट है चिड़िया, मानो दर्जी भी फेल!

दुनिया में हर इंसान के पास कोई न कोई प्रतिभा होती है. उसी के दम पर इंसान अपने लिए एक मुकाम हासिल करता है. कोई अच्छा गाना गाता है, खेलता अच्छा है या फिर किसी को पढ़ाई अच्छी तरह से समझ में आती है. कुछ लोग अपने अजीबोगरीब शौक के बल पर नाम कमाते हैं तो कुछ लोग अनोखे काम करके. हालांकि प्रतिभा सिर्फ इंसानों में ही नहीं पशु-पक्षियों में भी होती है, चलिए आज आपको ऐसी ही प्रतिभाशाली चिड़िया से मिलाते हैं.

प्रकृति ने इस धरती को बहुत खूबसूरत बनाया है. वहीं कुदरत की दी हुई बहुत सी अनोखी चीज़ें भी हैं, जिनके बारे में हम सोच भी

**जरा हट के**

नहीं सकते. एक ऐसा ही अजूबा है एक छोटी सी चिड़िया, जो सिलाई-कढ़ाई के काम में एक्सपर्ट है. उसे आप अपने छोटा सा आशियाना बनाते हुए देखेंगे, तो हैरान रह जाएंगे.



सिलाई-कढ़ाई में एक्सपर्ट है चिड़िया वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक छोटी सी चिड़िया पेड़ पर लगे हुए बड़े-बड़े पत्तों को आपस में जोड़ रही है. वो बाकायदा दर्जी की तरह पत्तों के किनारों को मिलाती है और उसे धागे से सिल रही है. धागे के लिए वो कपास का इस्तेमाल कर रही है. उसी के धागे बनाकर वो अपनी चोंच के ज़रिये इसे सिलकर दीवारों की शक्ल दे रही है. चारों तरफ से पत्ते सिलने के बाद चिड़िया इसमें बैठती है. उसे ऐसा करते देख आप दंग रह जाएंगे क्योंकि सिलाई किसी दर्जी के काम जैसी ही साफ और मजबूत है.

लोगों ने कहा- क्या टैलेंट है! इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @wonderofscience नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है. इसे लाखों लोगों ने देखा और पसंद किया है. इस पर कमेंट करते हुए यूज़र्स ने टेलरबर्ड या दर्जी चिड़िया के टैलेंट को खूब सराहा है. कुछ ने तो लिखा- काश हम भी इस तरह सिल पाते.

**खाना-खजाना**

माना जाता है कि जन्माष्टमी की पूजा पंचामृत के बिना अधूरी है। जन्माष्टमी के दिन आधी रात्रि श्री कृष्ण के जन्म के समय उनकी प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराया जाता है और इसके बाद इसे प्रसाद के रूप में बाटा जाता है। जन्माष्टमी का त्योहार हिंदू धर्म में महा उत्सव की तरह मनाया जाता है। साथ ही माना जाता है कि ये पूजा पंचामृत के बिना अधूरी है। जन्माष्टमी के दिन आधी रात्रि श्री कृष्ण के जन्म के समय उनकी प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराया जाता है और इसके बाद इसे प्रसाद के रूप में बाटा जाता है। ऐसे में यहां हम आपको पंचामृत बनाने का आसान तरीका बता रहे हैं।

# कैसे बनाएं पंचामृत !



**सामग्री :**

जैसा कि नाम से ही साफ है, पंचामृत बनाने के लिए 5 चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए आपको

- 1 कप गाय के दूध
- 2 बड़े चम्मच गाय के दूध से बनी दही
- 1 बड़ा चम्मच देसी घी
- 1 बड़ा चम्मच शहद और
- 1 बड़ा चम्मच चीनी की जरूरत होगी।

**कैसे बनाएं पंचामृत?**

इसके लिए सबसे पहले एक साफ बर्तन में दूध डालें।

इसके बाद दूध में ताजा दही डालकर मिला लें।

अब, तैयार मिश्रण में 1 बड़ा चम्मच घी डालें।

आखिर में शहद और चीनी डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह चला लें।

आप चाहें तो श्री कृष्ण को स्नान कराने के बाद पंचामृत में 2-3 तुलसी के पत्ते, मखाने और काजू, बादाम डालकर इसे प्रसाद के रूप में बांट सकते हैं।

# जन्माष्टमी पर बन रहा सर्वार्थ सिद्धि योग

### जानिए तिथि, शुभ मुहूर्त और धार्मिक महत्व

वैदिक पंचांग के अनुसार हर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। वहीं इस त्योहार को हिंदू धर्म में धूमधाम से मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव होता है। आपको बता दें कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, लग्न वृषभ राशि और बुधवार का दिन था। वहीं भगवान का जन्म मध्य रात्रि को हुआ था। इस दिन श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल के रूप में उनकी मूर्ति का पूजन करना शुभ होता है। वैसे तो लड्डू गोपाल की सोने चांदी पीतल आदि की मूर्ति



होती है. किंतु अष्टधातु की मूर्ति का पूजन करना लाभप्रद होता है। वहीं आपको बता दें कि इस साल जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। आइए जानते हैं तिथि और शुभ मुहूर्त...

### जन्माष्टमी तिथि

**अष्टमी तिथि की शुरुआत :** 26 अगस्त, सुबह 3 बजकर 41 मिनट से

**अष्टमी तिथि का अंत:** 27 अगस्त, सुबह 2 बजकर 21 मिनट तक

**दही हांडी :** 27 अगस्त दिन मंगलवार

### जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र

**रोहिणी नक्षत्र की शुरूआत** : 26 अगस्त, शाम 3 बजकर 54 मिनट से

**रोहिणी नक्षत्र का अंत** : 27 अगस्त, शाम 3 बजकर 39 मिनट पर

### जन्माष्टमी पूजा मुहूर्त

**कृष्ण जन्माष्टमी पूजा का मुहूर्त** : रात 12 बजे से 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, ऐसे में पूजा के लिए आपको 44 मिनट का समय मिलेगा। इस बीच में आप भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर सकते हैं।

व्रत का पारण 27 अगस्त को सुबह 11 बजे तक किया जा सकेगा।

### 30 साल बाद अद्भुत संयोग

इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष संयोग भी बना रहा है।

**जन्माष्टमी का महत्व**

भागवत पुराण के अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण मथुरा नगरी में राजकुमारी देवकी और उनके पति वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में अवतरित हुए थे। मान्यता है कि जो व्यक्ति कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रख कर पूजा- अर्चना करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की आराधना करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्माष्टमी का व्रत रखने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

जन्माष्टमी पर 30 साल बाद शनि ग्रह स्वराशि कुंभ में रहेंगे। इसके साथ ही, जन्माष्टमी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** नए कार्य में लाभ मिलेगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**मिथुन :** आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम के कार्य टालें।

**कर्क :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी।

**कन्या :** कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला :** दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा।

**वृश्चिक :** कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता रहेगी।

**धनु :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मकर :** रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुंभ :** आज नए कार्य में बनेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**मीन :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# 50 किलो वजन घटाने वाले यूट्यूबर की लाइफस्टाइल हो रही वायरल

### वेट लॉस के लिए किया ये काम

मोटे लोगों को अपना वजन घटाना मुश्किल लगता है तो जरा इस यूट्यूबर की वेट लॉस जर्नी को जरूर पढ़ लें। जिसने अपना वजन करीब 50 किलो तक घटा लिया। यूट्यूबर तन्मय भट्ट की वेट लॉस जर्नी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और एक्स पर उनका पॉडकास्ट भी है। जिसमे वो अपने रेगुलर रूटीन के बारे में बताते दिख रहे हैं। लगातार सही डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज की मदद से तेजी से वजन घटाया जा सकता है। पॉडकास्ट में यूट्यूबर ने बताया कि कैसे वेट लॉस करना आसान हो गया।

### रेगुलैरिटी है जरूरी

किसी भी काम को करने के लिए रेगुलर होना जरूरी है। किसी को दोष देने की बजाय खुद के लिए समय निकालें। तन्मय रोजाना 5 से लेकर साढ़े सात बजे के बीच वर्कआउट करते हैं। वेट लॉस कोच बताते हैं कि रोजाना 20 मिनट का समय निकाला जाए तो फिट रहा जा सकता है। सप्ताह में 3-4 बार



एक्सरसाइज और स्पोर्ट्स एक्टीविटी फिट होने में मदद करेगी।

### लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी

वेट लॉस कोच अभी राजपूत टिप्स देते हैं कि किसी भी नए लाइफस्टाइल को सेट होने में समय लग सकता है। लेकिन करीब एक महीने तक कोशिश करते रहें कि वर्कआउट का रूटीन छूटे नहीं। लगातार एक महीने की कोशिश के बाद वो आपके रूटीन में शामिल हो जाएगा।

### इन दो तरीकों से वजन घटाना हुआ आसान

कॉमेडियन तन्मय बताते हैं कि साल 2022 उन्होंने जिम जाना स्टार्ट किया। लेकिन जिम जाना, हेल्दी फूड और लाइफस्टाइल में बदलाव उन्हें मजा नहीं देता था। तब उन्होंने आउटसाइड बैडमिंटन खेलना स्टार्ट किया। तीन से चार महीने लगातार बैडमिंटन खेलने से वेट लॉस में मदद मिली और फिर साथ ही वेट लिफ्टिंग शुरू की। जिसकी वजह से वेट लॉस करना आसान हो गया।

साल 2022 में यूट्यूबर तन्मय भट्ट का वजन करीब 168 किलो था। जिसे उन्होंने घटाकर इस समय 113 किलो कर लिया है। इस रूटीन को फॉलो कर उन्हों करीब 55 किलो वजन घटाया है।

### वेट लॉस करना होगा आसान

- हेल्दी हैबिट को अपनाना शुरू करें।
- केवल सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना शुरू करें। वर्कआउट करना स्टार्ट करें और इसे रेगुलर करें।
- स्ट्रिक्ट फिटनेस रुटीन फॉलो करने की बजाय वो करें जिससे आप खुश भी रहें और फिट रहने में भी मदद मिले।

# बाल्टी और मग पर लगे हैं जिद्दी निशान

### जानिये छुड़ाने का आसान तरीका

बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली बाल्टी, मग और स्टूल कई बार बहुत गंदे हो ही जाते हैं. बाल्टी और मग पर पानी के निशान पड़ जाते हैं, जो दिखने में पीले और गंदे लगते हैं. आप इस ट्रिक से गंदे बाल्टी और मग को क्लीन कर सकते हैं.

### बाथरूम क्लीनर से चमकाएं

जब भी आप बाथरूम क्लीन करें उसी क्लीनर से बाल्टी, मग और स्टूल को भी क्लीन कर लें. इसके लिए कोई दूसरा सॉल्यूशन खरीदने की जरूरत नहीं है. हफ्ते में 1 बार इन चीजों को आप बाथरूम क्लीनर से चमका सकते हैं. किसी स्क्रबर की मदद से रगड़ने पर पानी के पीले दाग आसानी से छूट जाएंगे. आपको बहुत कम समय लगेगा और सारी चीजें एकदम क्लीन चकाचक हो जाएंगी.

### एसिड का उपयोग करें

एसिड किसी भी जिद्दी दाग को आसानी से छुड़ा देता है. कुछ लोग बाथरूम में लगे स्पॉट्स हो हटाने के लिए एसिड का उपयोग करते हैं. लेकिन अगर आप बाथरूम के मग, बाल्टी या दूसरी चीजों को एसिड से क्लीन कर रहे हैं तो इसे पानी में डायल्यूट करके यानि पतला करके ही इस्तेमाल करें. नहीं तो एसिड के भी दाग पड़ सकते हैं. एसिड में पानी




मिलाकर साफ करने से गंदे से गंदे सामान एकदम क्लीन हो जाएगे. ध्यान रखें क्लीनिंग के दौरान ग्लब्स पहनें या किसी ब्रश की मदद से ही एसिड का इस्तेमाल करें. आपका हाथ या स्किन इससे टच नहीं होनी चाहिए.

### सोडा और नींबू

पानी के दागों को हटाने के लिए आप सोडा और और नींबू का भी उपयोग कर सकते हैं. इसके लिए एक घोल तैयार कर लें, और जहां भी पानी के दाग ज्यादा हैं वहां लगाकर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें. फिर किसी स्क्रबर की मदद से बाल्टी, मग को रगड़ लें. इससे बाल्टी मग आसानी से क्लीन हो जाएंगे और नए जैसे चमकेगे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पढ़ाने के नाम पर प्रिसिंपल ने सगी बहनों के साथ अश्लील हरकत, बीईओ ने लिया एक्शन

**प्रतापगढ़.** प्रतापगढ़ के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ने वाली छात्रा और उसकी छोटी बहन के साथ प्रधानाध्यापक ने शनिवार सुबह अश्लील हरकत की। ग्रामीणों के स्कूल में हंगामा करने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट पर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया। जेठवारा थाना क्षेत्र के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली एक गांव की कक्षा छह की छात्रा शनिवार को अपनी छोटी बहन के साथ स्कूल गई थी। आरोप है कि वहां उनके साथ प्रधानाध्यापक ने अश्लील हरकत की। छात्रा के बताने पर ग्रामीण स्कूल पहुंचकर प्रधानाध्यापक से पूछताछ करने लगे लेकिन वह घटना से इनकार करते हुए धमकी देकर भाग निकले।

### पड़ोसी ने 9 साल की बच्ची को बनाया हवस का शिकार, घर में घुसकर किया रेप, हालत गंभीर

**बाराबंकी.** बाराबंकी से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां 9 साल की बच्ची को घर में अकेला पाकर पड़ोसी ने रेप किया। मां जब घर लौटी तो पीड़िता ने पड़ोसी की सारी करतूत बताई। उधर, पीड़िता के प्राइवेट पार्ट से खून बहने से परिजन उसे जिला महिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ये मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के बंकी नगर पंचायत क्षेत्र का है। 9 साल की बच्ची अपनी मां और 14 साल के भाई के साथ रहती है। भाई घूम कर पानी बेचने का काम करता है तो वहीं मां घर चलाने के लिए दूसरों के घर में बर्तन मांजती है। पड़ोस में कानपुर देहात के अकबरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला विजय कुमार उर्फ गोलू रहता है। उसने लव मैरिज की है। शनिवार शाम बच्ची घर पर अकेली थी। इस दौरान विजय घर में घुसकर बच्ची से रेप किया।

### बैंक के पौने 11 लाख लेकर फरार हो गया कैशियर

**सिद्धार्थनगर.** सिद्धार्थनगर के लोटन कोतवाली क्षेत्र के बड़ौदा यूपी बैंक शाखा ठोठरी का कैशियर बैंक के कैश से 10.71 लाख रुपये लेकर फरार हो गया है। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक ठोठरी बाजार के कैशियर सावन कुमार सिंह की ओर से बैंक के कैश से शुक्रवार को 10.71 लाख रुपये लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। शाखा प्रबंधक विकास सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि बैंक बंद करने के बाद कैशियर 1071019 रुपये लेकर फरार हो गया है। कैश को जब मिलाया गया तो रुपये गायब थे। कैशियर का मोबाइल भी नहीं मिल रहा था। कैश लेकर फरार हुए कैशियर के बारे में मैनेजर ने अधिकारियों को सूचना दे दी है।

### सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी मोटी रकम, मेडिकल भी करवाया

**बरेली.** बरेली के सचिवालय में अपनी जान पहचान बताकर नौकरी का झांसा देकर शातिरों ने आठ लाख रुपये की ठगी कर ली। थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज हुई है। गणेशनगर निवासी मीरा देवी का कहना है कि वर्ष 2017 में फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला ठाकुरद्वारा के सोमपाल, विजय व नीरज उनके बेटे सोनू का रिश्ता लेकर आए। जान पहचान बढ़ी तो आरोपियों ने कहा कि उनके किरायेदार डॉ. छोटे लाल पटेल की सचिवालय में अच्छी बात है। वह सोनू की सरकारी नौकरी लगवा देगा। इसके बाद आरोपियों के कहने पर उन्होंने छोटे लाल, संकेत सेन गुप्ता के खाते में आठ लाख रुपये ट्रांसफर कराए।

# 'महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं'

- **कोलकाता मर्डर केस पर बोले पीएम मोदी**

**जलगांव.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचे हैं, वहां पहुंचकर उन्होंने लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित किया। लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कोलकाता मर्डर केस पर कहा, 'महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार भी लगातार कानून सख्त कर रही है।' पीएम ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, आज इतनी बड़ी संख्या में देश की बहनें-बेटियां यहां हैं। पहले शिकायतें आती थीं कि एफआईआर समय पर दर्ज नहीं होती थी, सुनवाई नहीं होती थी, मामलों में देरी होती थी।



### 'घर से ही FIR दर्ज करा सकती हैं महिलाएं'

पीएम ने ये भी कहा, 'हमने भारतीय न्यायिक संहिता के एक पूरे अध्याय में ऐसी कई बाधाओं को दूर किया है इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार को लेकर बनाया गया है। अगर पीड़ित महिलाएं पुलिस स्टेशन नहीं जाना चाहती हैं तो वे घर से ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकती हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि कोई भी पुलिस स्टेशन स्तर पर ई-एफआईआर के साथ छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा।" पीएम ने 11 लाख लखपति दीदी को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। जलगांव कार्यक्रम में, पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए आजादी के बाद सभी पिछली सरकारों की तुलना में अधिक काम किया है।

### '2014 तक 25,000 करोड़ से कम का ऋण दिया गया'

पीएम मोदी ने ये भी कहा, '2014 तक महिला स्वयं सहायता समूहों को ₹25,000 करोड़ से कम ऋण दिए गए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में ₹9 लाख करोड़ दिए गए।' पीएम मोदी ने इस मौके पर आगे कहा, लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों-बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है, बल्कि ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने का महा अभियान है।

## हिमंता बोले-1 महीने में कोई हिंदू बांग्लादेश से नहीं आया

- **वे वहीं हैं और लड़ रहे हैं; 35 मुस्लिम घुसपैठिए आए, जिन्हें गिरफ्तार किया**



**गुवाहाटी.** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सर्मा ने कहा है कि 1 महीने में बाग्लादेश में से कोई भी हिंदू असम या भारत में नहीं आया है। वहां की हिंदू कम्युनिटी वहीं पर लड़ रही है। बाग्लादेश से 35 मुस्लिम लोग जरूर आए हैं। उनके पास पास्पोर्ट नहीं थी। सभी 35 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर ही शनिवार को हिमंता ने कहा- वहां की हिंदू कम्युनिटी भारत आने की कोशिश नहीं कर रही है। हालांकि, मुस्लिम लोग आने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। आज ही हमने करीमगंज में 2 लोगों को करीमगंज से वापस भेजा। वे हिंदू नहीं थे। हिंदू प्रधानमंत्री मोदी से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

दरअसल, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट हुआ था। आरक्षण खत्म करने की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश छोड़ दिया था। उनकी पार्टी के कई नेताओं की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी।

### बेंगलुरु तमिलनाडु जाना चाहते थे मुस्लिम घुसपैठिए

सरमा ने बताया कि बांग्लादेश से आने वाले मुस्लिम असम के जरिए कर्नाटक के बेंगलुरु और तमिलनाडु के कोयंबटूर जाना चाहते हैं। कल पकड़ाए 2 लोग भी बेंगलुरु और कोयंबटूर की टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज में नौकरी करना चाहते थे।

## इस बार पाकिस्तान से नहीं आएंगी टिड्डियां

- **पलक झपकते ही फसलों को करती हैं नष्ट**
- **बॉर्डर इलाकों में सर्वे के बाद आई राहत की खबर**

**जोधपुर.** इस बार टिड्डियां राजस्थान नहीं आएंगी। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की हवाएं ईरान की दिशा में चल रही हैं। इस वजह से टिड्डी दलों का खतरा न के बराबर है।

टिड्डी नियंत्रण विभाग ने बॉर्डर इलाकों में सर्वे कराया था। इसी सर्वे रिपोर्ट के आने के बाद विभाग के साथ ही किसानों ने भी अब राहत की सांस ली है। किसानों की फसलों को पलभर में चट कर जाने वाली ये टिड्डियां पाकिस्तान की ओर से आती थीं।

6 देशों से उड़कर आने वाली इन टिड्डियों की संख्या लाखों में होती है। एक बार ये किसी खेत की फसलों पर बैठ जाएं तो उसे पूरा नष्ट करके ही दम लेती हैं। बारिश के समय में आने वाली टिड्डी पश्चिमी राजस्थान में लाखों टन धान की फसल नष्ट कर देती हैं। इधर, किसानों के चेहरे पर अब भी टिड्डियों का भय साफ देखा जा सकता है। इन दिनों कई जगहों पर टिड्डी की तरह ही दिखने वाली अन्य प्रजाति 'ग्रास हॉपर' भी देखी गई है। इसके चलते किसान काफी चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि ये टिड्डी ही है।

## राहुल बोले- मिस इंडिया में एक भी दलित-आदिवासी नहीं

**रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि ब्यूटी पेजेंट्स में भी आरक्षण चाहते हैं; सरकार उन्हें नहीं चुनती**

**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में दलित-आदिवासी महिलाओं की कमी वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान की आलोचना की। रिजिजू ने रविवार को कहा कि राहुल मिस इंडिया में भी आरक्षण चाहते हैं। ये सिर्फ बाल बुद्धि की दिक्कत नहीं है। जो लोग उनकी जय-जयकार करते हैं, वे भी उतने ही जिम्मेदार हैं।

दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 24 अगस्त को प्रयागराज में कहा कि मैंने मिस इंडिया की लिस्ट चेक की। इसमें कोई दलित, आदिवासी या OBC कम्युनिटी की महिला नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश सुपर पावर बन गया। कैसे




सुपर पावर बन जाएगा? 90% लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं।

राहुल के बयान पर रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि मनोरंजन के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन राहुल अपनी विभाजनकारी बातें से हमारे पिछड़े समुदायों का मजाक न उड़ाएं।

सरकार मिस इंडिया को सिलेक्ट नहीं करती। सरकार ओलिंपिक के लिए एथलीट्स और फिल्मों के एक्टर्स को नहीं चुनती है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा- PM मोदी जी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सुप्रीम कोर्ट को IAS, IPS, IFS समेत सभी शीर्ष सेवाओं की भर्ती में आरक्षण में बदलाव करने की इजाजत नहीं देगी।

रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी से हैं। रिकॉर्ड संख्या में कैबिनेट मंत्री हैं, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हैं। राहुल को ये सब नहीं दिखता।

राहुल शनिवार (24 अगस्त) को प्रयागराज में 'संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसमें उन्होंने जाति जनगणना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- मैं कह रहा हूं कि जाति जनगणना करना है, मीडिया वाले कहते हैं नहीं करना है। मुझे बस डेटा चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा- जाति जनगणना संविधान को मजबूत करने का काम है। इसको 10% ने नहीं बनाया। इसको 100% ने बनाया है। इसकी रक्षा आप लोग करते हो। अडाणी जी नहीं करते है। इकॉनोमी सोशल सर्वे कराना चाहता हूं, वो इसकी रक्षा है।

## हरियाणा में बदल सकती है चुनाव की तारीख

- **1 अक्टूबर की जगह 6 दिन बाद वोटिंग संभव**

**चंडीगढ़.** हरियाणा में एक अक्टूबर के लिए प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की वोटिंग की तारीख बदल सकती है। भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजकर छुट्टियों और बिश्नोई समाज के धार्मिक कार्यक्रम का हवाला देकर तारीख बदलने की मांग की थी, जिस पर चुनाव आयोग विचार कर रहा है।

संभावना है कि चुनाव आयोग हरियाणा में 1 अक्टूबर के बजाय 7 या 8 अक्टूबर को वोटिंग कराए। ऐसा होने पर जम्मू-कश्मीर की मतगणना की तारीख भी बदल सकती है। हालांकि इस पर जो भी फैसला होगा, वह मंगलवार को ही लिया जाएगा। भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल ने चुनाव आयोग को लिखे लेटर में कहा था- छुट्टियों के दौरान चुनाव हुए तो वोटिंग प्रतिशत पर असर पड़ेगा। इसके बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर लिखा, 'भाजपा की आंखों के तारे (इनेलो) और सितारे (जेजेपी)। जहां भाजपा, वहां इनेलो-जजपा।'

**PM बोले- परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं का दमन करती है**

## बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड के युवा नेताओं से लोकतंत्र मजबूत होगा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा- परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं को दमन करती है। बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले युवाओं का राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा।

मैंने इस साल लालकिले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले 1 लाख लोगों को पॉलिटिकल सिस्टम से जुड़ने की बात कही थी। इससे पता चला कि हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है।

परिवारवादी राजनीति के अलावा मोदी ने तिरंगा अभियान, बच्चों में न्यूट्रिशन को लेकर




जागरूकता जैसे 5 बड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने IIT मद्रास के पूर्व छात्रों से स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को लेकर भी बात की।

स्पेस सेक्टर को लेकर IIT मद्रास के स्टूडेंट से चर्चा की

PM मोदी ने कहा- इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति पॉइंट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना।

मोदी ने गैलेक्सी-आई स्टार्टअप खड़ा करने वाले IIT मद्रास के स्टूडेंट से भी चर्चा की। स्टूडेंट ने स्टार्टअप शुरू करने की कहानी PM को बताई। स्टूडेंट ने कहा- हम लोग हाईपरलूप प्रोजेक्ट को लेकर एक साथ आए। हमने एक टीम बनाई, जिसका नाम अविष्कार हाईपरलूप रखा गया।

स्टूडेंट ने कहा- इस प्रोजेक्ट को लेकर हम अमेरिका भी गए थे। स्टूडेंट ने बताया कि आने वाले समय में स्पेस सेक्टर को लेकर कई चीजें होने वाली हैं। अगले साल हम अपना सैटेलाइट स्पेस में भेजेंगे। इसमें हमारे स्टार्टअप ने भी कुछ काम किया है।

## किसान एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी



- **बिजनौर में इंजन 13 डिब्बे लेकर 4 किमी आगे निकला; 80 की स्पीड में हादसा**

**बिजनौर.** बिजनौर में किसान एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई। इंजन 13 बोगियों को लेकर 4 किलोमीटर आगे निकल गया। 8 डिब्बे पीछे छूट गए। हादसे के वक्त ट्रेन की स्पीड 80 से 90 किलोमीटर थी।

किसान एक्सप्रेस (13307) झारखंड के धनबाद से पंजाब के फिरोजपुर जा रही थी। हादसा मुरादाबाद के आगे स्योहारा और धामपुर स्टेशन के बीच रविवार सुबह 4 बजे हुआ। गनीमत रही कि कोई भी यात्री चोटिल नहीं हुआ।

चकरामल गांव के पास S3 और S4 डिब्बे को जोड़ने वाली बोगी की कपलर टूटने की वजह से हादसा हुआ। गार्ड ने ड्राइवर और अफसरों को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर में रेलवे टीम मौके पर पहुंची। 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद डिब्बों को ट्रेन से जोड़ा गया। S4 बोगी को टेक्निकल समस्या के चलते रोक लिया गया है।

## शिखर धवन ने क्रिकेट के तीनों फार्मेट से लिया संन्यास



- **इन पारियों की वजह से गब्बर कहलाए**
- **चैंपियंस ट्रॉफी, वर्ल्ड कप का एवरेज कोहली से अच्छा**
- **डेब्यू टेस्ट में सबसे तेज शतक**

दिग्गज भारतीय ओपनर शिखर धवन ने शनिवार, 24 अगस्त को इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया। 38 साल के धवन फैंस के बीच गब्बर के नाम से मशहूर हैं।

धवन का एवरेज चैंपियंस ट्रॉफी और ODI वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली से भी ज्यादा है। उन्होंने 65.15 की औसत से 1238 रन बनाए हैं। यह इन दोनों टूर्नामेंट में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स में सर्वश्रेष्ठ है। शिखर डेब्यू टेस्ट में सबसे तेज शतक जमाने वाले बैटर हैं। उन्होंने 85 बॉल पर शतक जमाया था। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 मैच खेले।

- **डेब्यू टेस्ट में भारत के टॉप स्कोरर, सबसे तेज शतक भी लगाया**

शिखर धवन ने डेब्यू टेस्ट में 187 रन की शतकीय पारी खेली थी। वे टेस्ट डेब्यू में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बैटर बने थे। दुनिया भर के बैटर्स में धवन 8वें नंबर पर हैं। धवन ने मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महज 85 गेंदों पर शतक जड़ दिया था, जो डेब्यू पर लगाया गया सबसे तेज शतक है।

- **चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड कप में एवरेज अच्छा**

धवन ने चैंपियंस ट्रॉफी और ODI वर्ल्ड कप के दौरान 65.15 की औसत से रन बनाए। इन दोनों टूर्नामेंट में कम से कम एक हजार रन बनाने वाले 51 बल्लेबाजों में धवन का औसत सबसे ज्यादा है। हालांकि कोहली (64.55) इस मामले में उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। धवन ने ODI वर्ल्ड कप (10 पारी) में 53.70 और चैंपियंस ट्रॉफी (10 पारी) में 77.88 की औसत से रन बनाए। उन्होंने 20 पारियों में 6 शतक लगाए और 10 बार 50 का आंकड़ा पार किया।

- **रोहित के साथ 18 शतकीय साझेदारियां की**

शिखर धवन ने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करते हुए वनडे में 18 शतकीय साझेदारियां कीं। यह जोड़ी तेंदुलकर-गांगुली के बाद दूसरे सबसे सफल भारतीय जोड़ी है। सचिन और सौरव की सलामी जोड़ी ने 21 शतकीय साझेदारियां की हैं। रोहित और धवन के बीच कुल 5148 रनों की साझेदारी हुई, जो ओवरऑल ओपनिंग पार्टनरशिप में चौथे नंबर पर है।

### यूकेजी छात्रा की हार्ट अटैक से मौत

**अमरोहा.** बच्चों, युवक और युवतियों में हार्ट अटैक के मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। यूपी के अमरोहा से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल में यूकेजी के एक छात्रा की क्लास में अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे तुरंत गजरौला के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का दफीना कर दिया गया है। थाना रहरा क्षेत्र के गांव शकरगढ़ी निवासी तनवीर अहमद की 5 वर्षीया बेटी इफ्फत जहां क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल में यूकेजी की छात्रा थी।

## खड़गे बोले-UPS में U का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न

**लेटरल एंट्री-ब्रॉडकास्ट बिल के बाद अब पेंशन स्कीम, PM के अहंकार पर जनता हावी**

केंद्र सरकार के नई पेंशन स्कीम के बाद यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) लाने के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- UPS में U का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। खड़गे ने X पर कहा- 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जनता की शक्ति पीएम के सत्ता के अहंकार पर हावी हुई है। सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया।

इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, UPSC के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया।



हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे।

दरअसल, केंद्र सरकार शनिवार (24 अगस्त) को न्यू पेंशन स्कीम (NPS) की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) लेकर आई। स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा।

### शिवसेना बोली- विपक्ष के दबाव में फैसला लिया

शिवसेना उद्धव गुट के नेता आनंद दुबे ने कहा- विपक्ष के दबाव के कारण सरकार ने UPS को अपूव किया है। इस बार भाजपा सिर्फ 240 सीटें जीती हैं। इसलिए उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए स्कीम लाई है।

### AAP बोली- भाजपा को अब होश आया

AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा- भाजपा को अब होश आया है। भाजपा अब अग्निवीर योजना जैसे अपने अन्य फैसले भी जल्द ही वापस लेगी। यह साबित हो गया है कि विपक्ष जो कह रहा था, वह सही था। केंद्र सरकार ही केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों का दमन कर रही थी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया। इसी के बाद भाजपा को होश आया है।

## कोयंबटूर में 9 बच्चियों का यौन शोषण

- **एक्स्ट्रा-क्लास के नाम पर 2 महीने से टीचर शोषण कर रहा था;**
- **प्रिंसिपल समेत 4 टीचर भी अरेस्ट**

**कोयंबटूर.** तमिलनाडु के कोयंबटूर के एक स्कूल में 9 छात्राओं के साथ यौन शोषण का खुलासा हुआ है। 9वीं क्लास की एक छात्रा ने जिला बाल संरक्षण विभाग की टीम को बताया कि नटराजन नाम का एक टीचर एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर कई महीनों से उसका यौन शोषण कर रहा था।



इसके बाद टीम ने स्कूल की अन्य छात्राओं से पूछताछ की। इसमें सामने आया कि नटराजन ने एक- दो नहीं बल्कि 7वीं, 8वीं और 9वीं क्लास में पढ़ने वाली 9 छात्राओं का कई मौकों पर यौन उत्पीड़न किया है। नटराजन स्कूल में इंटरमीडिएट का टीचर था। छात्राओं ने यह भी बताया कि उन्होंने हेडमास्टर और क्लास टीचर को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन उन्होंने भी कोई एक्शन नहीं लिया।

मामला कोयंबटूर के मेट्टुपालयम के अलंगकोम्बु गांव का है। 12 अगस्त को जिला बाल संरक्षण विभाग (DCPU) की एक टीम यहां के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में जांच के लिए आई। इस टीम को स्कूल के बच्चों को यौन हिंसा, बाल विवाह और बाल सहायता केंद्र के बारे में जागरूक करने का जिम्मा सौंपा गया था।

टीम को लीड कर रहे जिला बाल संरक्षण अधिकारी हब्शा बच्चों से अकेले में बात कर रहे थे। इसी दौरान 9वीं क्लास में पढ़ने वाली एक स्टूडेंट ने अपने यौन शोषण की बात बताई। टीम ने अगले 6 घंटे तक स्कूल की कई अन्य छात्राओं से बात की। इसमें 9 अन्य छात्राओं के शोषण का खुलासा हुआ।

छात्राओं ने हब्शा को बताया कि उन्होंने लगभग सभी टीचर्स को अलग-अलग मौकों पर इसकी जानकारी दी, लेकिन किसी ने भी कोई एक्शन नहीं लिया। कुछ ने तो चुप रहने और मामले को किसी को न बताने की भी हिदायत दी।

### कल करवा लो चुनाव, हम तैयार हैं : विज

**चंडीगढ़.** भाजपा की हरियाणा यूनिट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव टालने की मांग की है। इसे लेकर कांग्रेस समेत अन्य दल बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। इसे लेकर सवाल पूछे जाने पर भाजपा के सीनियर नेता अनिल विज ने कहा कि उनकी पार्टी कल ही चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में 2 दिनों तक मैराथन बैठक की। इस दौरान 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा की प्रत्येक सीट के लिए 3-4 संभावित उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे गए। देखिए कि हमारी पार्टी तैयारी में है।

## संक्षेप...

### 5 करोड़ के मारिजुआना के साथ तीन गिरफ्तार

**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुंबई कस्टम जोन के अधिकारियों ने अनाज के डिब्बों में छिपाकर रखे गए, लगभग 4.9 किलोग्राम मारिजुआना को जब्त एक यात्री सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

अधिकारियों ने बताया कि, जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये है. यह घटना शनिवार को उस समय घटी जब एक यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोक लिया और उसकी तलाशी ली गई.

# महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को नपुंसक बना दिया जाना चाहिए -अजीत पवार

**मुंबई.** बदलापुर में कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर आक्रोश के बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को नपुंसक बना दिया जाना चाहिए। पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल में महिलाओं के लिए महायुति सरकार की प्रमुख 'लड़की बहिन' योजना के बारे में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, पवार ने कहा कि राज्य में भाजपा-शिवसेना-एनसीपी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ेगी।

जो लोग हमारी लड़कियों पर हाथ डालते हैं, उन्हें कानून का ऐसा कोप दिखाया जाना चाहिए कि वे दूसरी बार इसके बारे में सोचें भी नहीं। मेरी भाषा में, मैं कहूंगा कि उन्हें नपुंसक बना दिया जाना चाहिए, ताकि अपराध दोबारा न हो। इन लोगों के साथ ऐसा ही होना चाहिए, जो इतने बेकार हैं,₹ पवार ने कहा। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार ने महा विकास अघाड़ी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अपनी बांहों पर काली पट्टी बांधकर शनिवार को पुणे में बदलापुर की घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



शरद पवार ने कहा, ₹महाराष्ट्र में ऐसा कोई दिन नहीं है जब महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की कोई खबर न आए...सरकार को इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिए। सरकार कह रही है कि विपक्ष राजनीति कर रहा है, इसे राजनीति कहना दिखाता है कि सरकार कितनी असंवेदनशील है।₹

इससे पहले, बदलापुर में नाबालिगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) ने स्कूल अधिकारियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की धारा 19 के प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके तहत प्रत्येक अधिकारी को नाबालिगों के खिलाफ इस तरह के किसी भी यौन उत्पीड़न के बारे में पता चलने पर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना देना अनिवार्य है। महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में चौथी कक्षा की दो लड़कियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न ने आक्रोश पैदा कर दिया है। 17 अगस्त को पुलिस ने लड़कियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने के आरोप में स्कूल के एक परिचारक को गिरफ्तार किया था।

# ठाणे-बोरिवली ट्विन टनल के काम के लिए मनपा अग्रसर



- मनपा आयुक्त सौरभ राव ने लिया इस परियोजना की जानकारी

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** ठाणे से बोरीवली के बीच ट्विन टनल के तैयार होने के बाद ठाणे-बोरीवली की यात्रा 12 मिनट में तय होगी. मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस परियोजना के जानकारी के लिए मनपा मुख्यालय में बैठक ली.

ठाणे-बोरिवली ट्विन टनल मार्ग काम का एमएमआरडीए कर रही है। इस परियोजना का भूमिपूजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से हुआ था और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के बीच से यह मार्ग जायेगा. इस बैठक में मनपा भूसंपादन,अतिक्रमण हटाने, वृक्ष प्राधिकरण विभाग का परमिशन आदि के लिए एमएमआरडीए व बांधकाम कंपनी के प्रतिनिधियों ने आयुक्त सौरभ राव के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की.

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, सहायक संचालक, नगर रचना संग्राम कानडे, उपायुक्त (उद्यान) मनोहर बोडके, उपनगर अभियंता विकास ढोले उपस्थित थे।मनपा के अधिकारी स्वयं बांधकाम जगह का जांच पड़ताल किया है। इस कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाली पानी की पाईप लाइन, पेड़ो को शिफ्ट किया जायेगा। इसके लिए मनपा ने एसटीपी प्रक्रिया से किया पानी का उपयोग करने के लिए आयुक्त राव ने कहा।

# शमशान भूमि की दुर्दशा से नागरिक परेशान

- छत से टपकता पानी और गीली होती लकड़ियां
- अंतिम संस्कार करने में हो रही असुविधा



**कल्याण.** डोंबिवली के शिव मंदिर पथ पर वैकुंठ श्मशान भूमि की टूटी हुई छत से बरसात का पानी टपकने के कारण अंतिम संस्कार की विधि में शामिल होने वाले लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पत्रकार आकाश गायकवाड़ के पिता कृष्णा गायकवाड़ का निधन हो गया। उनके मृतदेह को जलाने के लिए इस शमशान घाट लाया गया तो परिवार के सदस्यों और उनके रिश्तेदारों को काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ा। टूटी छत से टपक रहे पानी में सभी को भीगते हुए अंतिम संस्कार करना पड़ा। इस विषय में वरिष्ठ पत्रकार अनिकेत घमंडी ने कहा कि शमशान भूमि की दुर्दशा को लेकर बार-बार आवाज उठाने के बाद भी महापालिका प्रशासन की आंखें नहीं खुल रही है। मृतक कृष्णा गायकवाड़ के रिश्तेदारों को गीली लकड़ी, टपकती छत और चिता की आग जलाने के लिए बार-बार मिट्टी का तेल इस्तेमाल करना पड़ा। शमशान भूमि की छत अनेकों जगह से टूटी हुई है, जिससे पूरे श्मशान भूमि के अंदर बारिश का पानी गिर रहा है। लोगों को बैठने तक की जगह नहीं है। शमशान भूमि में चिता जलाने के लिए 10 रैक हैं, लेकिन सभी जगह बारिश का पानी टपक रहा है। शुक्रवार दोपहर से अब तक यहां 29 लोगों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है इन सभी को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# महिला से बलात्कार करने के आरोप में वकील गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता

**मुंबई.** 27 वर्षीय वकील को विक्रोली ईस्ट में पार्कसाइट पुलिस ने कुर्ला की 22 वर्षीय महिला से शादी का वादा करके कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि पीड़िता ने अपनी मां, जो चोरी के आरोप में गिरफ्तार की गई थी, को जमानत पर बाहर निकलवाने के लिए वकील से संपर्क किया था। पुलिस ने कहा कि वकील ने उसकी मां को जमानत दिलाने में मदद की, उससे दोस्ती की और फिर शादी का झूठा वादा करके उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी की पहचान डोंबिवली निवासी सिद्धान्त कापसे के रूप में हुई है। उसने सैंडहर्स्ट रोड में एक एनजीओ के बारे में बताया गया जो उसकी मां को बाहर निकलवाने में उसकी मदद कर सकता है। फिर उसने एनजीओ से संपर्क किया और आरोपी सिद्धान्त कापसे (27) से मिली, जिसने उसका मोबाइल नंबर लिया। उसने उसकी मां को जमानत पर रिहा कराने में भी मदद की. पुलिस अधिकारी ने कहा, कि उसने उससे शादी करने का वादा किया और उसे अपने घर ले गया जब आसपास कोई नहीं था और उसके साथ यौन संबंध बनाए।

### बोरी में बंद मिली महिला की लाश की गुत्थी सुलझी

# पति-देवर ने मिलकर उतारा था मौत के घाट

**मुंबई.** मुंबई के ट्रॉम्बे थाना इलाके में शुक्रवार को बोरी से एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था, जिसकी गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा ली है. हत्या के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस को जांच में पता चला है कि यह घरेलू हिंसा का मामला हो सकता है. ऐसे में अब आरोपियों से पूछताछ जारी है. डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि 23 अगस्त को ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन के अंतर्गत महाराजनगर इलाके में एक महिला का अज्ञात शव मिला था. शव को बोरी में पैक करके फेंका गया था, जिसको लेकर ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में हत्या का अपराध दर्ज किया गया था. हत्या के मामले की जांच में 10 टीमें लगाई गई थीं. इसके बाद शव की शिनाख्त कर 5 लोगों को हिरासत में लिया गया. पुलिस ने बताया कि आरोपियों में तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं. ये पांचों आरोपी मृतक महिला के परिजन हैं, जिनमें महिला का पति, उसका देवर, नन्द-नन्दोई और सास शामिल हैं. जांच में सामने आया है कि घरेलू विवाद के चलते महिला की हत्या की गई और उसके शव को बोरी में भरकर सड़क किनारे फेंक दिया गया. पुलिस के अनुसार, मृतक महिला का नाम रेश्मा कन्हैयालाल जायसवाल है.

### मोरबे डैम ओपरफ्लो होने की कगार पर

**नवी मुंबई.** कर्जत के पास स्थित नवी मुंबई महानगरपालिका के मोरबे डैम के क्षेत्र में विगत 2 दिन से जोरदार बारिश होने का सिलसिला जारी है, जिसकी बदौलत यह डैम अब लबालब होने की कगार पर पहुंच गया है.

जिसके ओवरफ्लो होने की संभावना को देखते हुए खालापुर के तहसीलदार और पुलिस ने इस डैम के पास से गुजरने वाली नदी के किनारे पर रहने वाले नागरिकों को सतर्क रहने के लिए नोटिस जारी किया है.

# ठाणे जिलें की 41 ग्राम पंचायतें हुई क्षय रोग मुक्त



**ठाणे.** क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत की पहल में ठाणे जिला की 41 ग्राम पंचायत क्षय रोग से मुक्त हुई। इसलिए जिलाधिकारी कार्यालय पर स्थित नियोजन भवन में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया। जिलें में कुल 431 ग्राम पंचायत है। जिसमें शहापुर तहसील में 13 ग्राम पंचायत, मुरबाड़ तहसील में 9 ग्राम पंचायत,कल्याण तहसील में 7 ग्राम पंचायत,भिवंडी तहसील में 6 ग्राम पंचायत,अंबरनाथ तहसील में 6 ग्राम पंचायत सभी ग्राम पंचायत तों को जिलाधिकारी शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गंगाधर परगे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका परगे,जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.गीता काकडे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। जिलाधिकारी शिनगारे ने उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 31 मार्च 2025 तक ठाणे जिला क्षय रोग से मुक्त होना चाहिए यह हमलोगों का लक्ष्य है।अपनी शुरुआत अच्छी है अब तक 10 प्रतिशत सफलता मिली है 90 प्रतिशत पूर्ण करना है।उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले ने कहा कि सभी गांवों को क्षय रोग से मुक्ति मिलना चाहिए और 31मार्च 2025 तक सभी गांव को क्षय रोग मुक्त गांव करना है।

# भिवंडी में ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

- तड़ीपार होने के बावजूद बेच रहा था ड्रग्स

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी शहर व आसपास ग्रामीण परिसर में बड़े पैमाने पर ड्रग्स, गांजा व अम्लीय नशीली दवाइयों की बिक्री होती रही है। पुलिस आऐ दिन गांजा सेवन करने वालों की धरपकड़ करती है। गत माह गुजरात एटीएस ने भिवंडी नदीनाका परिसर के एक रहिवासी इमारत में छापामार कर मेफेड्रॉन (एमडी) ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी थी। एटीएस ने इस छापेमारी कार्रवाई में फ्लैट से 800 करोड़ कीमत की ड्रग्स जब्त की थी. तदुपरांत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के कारोबार में जुटे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू है। शांतिनगर पुलिस ने कल संजय नगर शांतिनगर परिसर स्थित गुलाम सेठ के गाला में छापामार कर 56 ग्राम एमडी (मेफेड्रॉन) ड्रग्स बरामद की है। जिसकी बाजार कीमत 11 लाख 20 हजार रूपये है।

पुलिस ने ड्रग्स बेच रहे शांतिनगर सब्जी मार्केट निवासी मोहम्मद अली अब्दुल अजीज शेख को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अली अब्दुल अजीज शेख के खिलाफ कई प्रकार के केसेस दर्ज है। भिवंडी पुलिस उपायुक्त के आदेशानुसार उसे 4 जनवरी 2024 से ठाणे जिले से एक वर्ष के लिए तड़ीपार कर दिया गया था किन्तु वह किसी सक्षम अधिकारी से अनुमति ना लेते हुए भिवंडी में रहकर आपराधिक घटनाओं में लिप्त रहा।

शांतिनगर पुलिस ने पुलिस हवलदार श्रीकांत शिवाजी धायगुडे की शिकायत पर उसके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट सन 1985 के कलम 8 (सी), 22 (सी), महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 412 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# धामणकर नाका पर महिला के गले से छीना मंगलसूत्र



**भिवंडी.** शहर के धामणकर नाका पर मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से जबरन मंगलसूत्र छीन कर वाराला देवी तालाब की ओर भाग जाने की घटना घटित हुई है। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत भिवंडी शहर पुलिस थाने में दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक पदमा नगर की रहने वाली आंगनवाड़ी सेविका रेखा लिंगमूर्ती कमटम देर शाम धामणकर नाका स्थित हेल्थ मार्ट केमिस्ट मेडीकल के सामने से आ रही थी।

इस दरमियान मोटरसाइकिल पर सवार होकर आऐ दो हेलमेट धारी बदमाशों ने उनके गले से 80 हजार कीमत के मंगलसूत्र छीनकर कामतघर की तरफ भाग गये। बदमाशों के मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट भी नहीं था।

## आम सूचना

मैं श्री जाकिर शेख इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित कर रहा हूं कि मानव गोल्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. 1, पहला माला, बैरक नं. 349/बी, सोनारा गली, उल्हासनगर- 421002, इस जायदाद के बिक्री का सौदा मैंने श्री श्री राजू मल के साथ किया है। अगर उपरोक्त जायदाद के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति या संस्था/बैंक को ऐसे दूसरे किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
**श्री जाकिर शेख**

# शेर सिंह की बायोपिक से जुड़े रणदीप हुड्डा

- बरसों से बनाने की चल रही तैयारियां

अफगानिस्तान से पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां लाने वाले और फूलन देवी की हत्या के आरोपी शेर सिंह राणा की बायोपिक पर अब फायनली रणदीप हुड्डा ऑन बोर्ड आए हैं। उनसे जुड़े सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, इस फिल्म को बरसों से बनाने की तैयारियां चल रहीं हैं। छह साल पहले इसे अजय देवगन को पिच किया गया था। फिर दो साल पहले विद्युत जामवाल और विनोद भानुशाली ने इसे बनाने की आधिकारिक घोषणा की। अब ट्रेड के हवाले से खबरें आ रहीं कि इस प्रोजेक्ट पर अब रणदीप हुड्डा आ गए हैं।



ट्रेड सूत्रों ने बताया, 'शेर सिंह राणा की जीवनी में काफी सिनेमाई मसाले हैं। उन्होंने तिहाड़ जेल तोड़ा था। फेक पासपोर्ट पर अफगानिस्तान गए। वहां से पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां भी लाए। फूलन देवी की हत्या का आरोप भी उन पर रहा। ऐसे में उनकी जीवनी पर कई सितारों ने फिल्म बनाने में दिलचस्पी दिखाई। लेकिन शेर सिंह राणा के राइट्स को लेकर कानूनी पेंच लगातार बने रहे। जिसकी वजह से अजय देवगन और विद्युत जामवाल के साथ फिल्म नहीं बन पाई।





उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099